RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 96 • 18:04:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का भव्य 'सूर्य तिलक'

### 12 बजते ही अभिजीत मुहूर्त में माथे पर पड़ीं नीली किरणें

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में बुधवार यानी 17 अप्रैल को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से रामलला का सूर्य तिलक हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। आज सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे।



### • रामनवमी पर अयोध्या में दिखा 'विज्ञान' का चमत्कार

### नंगे पैर और सीने पर हाथ, पीएम मोदी ने देखा सूर्य तिलक



अयोध्या में आज रामनवमी के मौके पर रामलला का भव्य सूर्य तिलक का आयोजन हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर में इस अभिषेक को अपने टैब पर देखा। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखे। उन्होंने अपने जूते उतार रखे थे और एक हाथ अपने सीने से लगाकर रामलला की अराधना करते दिखे। पीएम मोदी ने इस पल की दो तस्वीरें भी जारी की हैं। उन्होंने लिखा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

## वर्चुअल दुनिया में सियासत के अखाड़े जैसे दांव-पेंच

• लोकसभा चुनाव 2024 में ऑनलाइन गेम बना रहे सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में जीत के लिए सियासी दल धरातल पर पूरा जोर लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार जारी है। भारत में 19 अप्रैल से मतदान का प्रथम चरण शुरू होना है। इसके नतीजे चार जून को आएंगे, लेकिन सियासत में रुचि रखने वाले लोग ऑनलाइन गेम खेलकर अपनी सरकार बना रहे हैं। वे अपनी पार्टी बनाते हैं, प्रत्याशी उतारते हैं और वोट भी मांगते हैं। एजेंडा तय करते हुए ऑनलाइन जनसभाएं तक कर रहे हैं। यही नहीं, वोटिंग के बाद सरकार भी चुनी जा रही है। एंड्रॉयड मार्केट में इस वक्त इलेक्शन ऑफ इंडिया-2024, इलेक्शन ऑफ इंडिया, राजनीति इलेक्शन-2024 समेत कई गेम चर्चाओं में हैं। इनको लोग काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में अपलोड इन गेमों को 10 से 15 हजार लोग डाउनलोड कर चुके हैं।



## रेलवे का प्लान अब भारत खुद बनाएगा बुलेट ट्रेन

• शुरू की बड़ी तैयारी, फिलहाल जापानी तकनीक की ले रहा मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब भारत स्वदेशी बुलेट ट्रेन की भी तैयारी कर रहा है। कहा जा रहा है कि प्रस्तावित ट्रेन की भारत की सबसे तेज रेलगाड़ी होगी। फिलहाल, इसकी डिजाइन पर काम जारी है। खासबात है कि विश्व स्तर पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाली रेलगाड़ियों को हाईस्पीड ट्रेन कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार,



एक अधिकारी ने कहा, इसे वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है, जो पहले ही 220 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार को छू सकती है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में डिजाइन पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ये ट्रेन फिलहाल भारत में दौड़ रहीं किसी भी ट्रेन से तेज होंगी। भारत फिलहाल जापान की तकनीक की मदद से बुलेट ट्रेन तैयार कर रहा है। यह ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ेगी।

## यूएन की रिपोर्ट-भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से ज्यादा

• 77 साल में दोगुनी हुई, 14 साल तक के उम्र की आबादी करीब 35 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ थी। यूनाइटेड नेशन्स की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है। यह 144.17 करोड़ पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2006-2023 के बीच 23 फीसदी बाल विवाह हुए हैं। साथ ही डिलीवरी के समय होने वाली महिलाओं की मौतों की संख्या में कमी आई है। भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 24 फीसदी हिस्सा 0-14 साल के लोगों का है।



## 'पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार'

### नलबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-देश ऐसे बढ़ा रहा विकास की ओर कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के नलबाड़ी में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मोदी 2014 में आशा, 2019 में भरोसा और 2024 में गारंटी लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट खुद मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस ने केवल समस्याएं दीं। भाजपा ने इसे संभावनाओं के स्रोत में बदल दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को बढ़ावा दिया और मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो काम कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं कर सकी, मोदी ने 10 वर्षों में कर दिया। रैली में उन्होंने कहा कि पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार यह चुनाव इसका गवाह बनेगा।



रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, एनडीए ने देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने और उन्हें वे सुविधाएं प्रदान करने का फैसला किया है जिनके वे हकदार हैं। अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ और नए घर बनाए जाएंगे। ये गरीबों और सभी को बिना किसी भेदभाव के मिलेंगे। उन्होंने कहा, मोदी ने गारंटी दी है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। मोदी उनका इलाज कराएंगे। बिना किसी के साथ किसी भी तरह का भेदभाव के उनका ख्याल रखेंगे। पीएम बोले कि देश में जनता का भरोसा एनडीए की सरकार पर बढ़ा है। लोग अब मानते हैं कि भ्रष्टाचार से देश को मुक्ति मिलेगी।

**मोदी बोले-**

### असम को कांग्रेस ने 'पंजे' में जकड़ा था

उन्होंने असम के नलबाड़ी में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा– कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। मोदी ने कहा– जिस नॉर्थ–ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद–पानी दिया। उस नॉर्थ–ईस्ट को मोदी ने गले लगाया। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वह मोदी ने 10 साल में किया।

**खेल बच्चों का मौलिक अधिकार...**

## बिना प्ले ग्राउंड वाले स्कूलों पर लगना चाहिए ताला

• केरल हाईकोर्ट ने विजयन सरकार को जमकर सुनाया

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि जिन स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं, उन स्कूलों पर ताला लगाया जाना चाहिए। अदालत ने अहम टिप्पणी की कि खेल बच्चों का मौलिक अधिकार है और शिक्षा को सिर्फ कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए। जिस तरह पठन–पाठन बच्चे के लिए जरूरी है, बच्चे के लिए उतना ही जरूरी खेल शिक्षा भी है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास की भावना को पूरा किया सकता है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन मामले की सुनवाई कर रहे थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केरल में कई स्कूल प्रशासन राज्य शिक्षा नियमों (केईआर) के विपरीत कार्य कर रहे हैं। अदालत ने यह भी माना कि केईआर ने राज्य के स्कूलों में खेल के मैदानों में आवश्यक सुविधाओं को स्पष्ट नहीं किया है और यही वजह है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा इसका फायदा उठाया जाता है। बार एंड बेंच में छपि रिपोर्ट के अनुसार सुनाए अपने फैसले में अदालत ने कहा, शिक्षा को कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए।

## मोदी के बयान पर अमेरिका बोला-बीच में नहीं पड़ेंगे

### भारत-पाकिस्तान तनाव से बचें, पीएम ने कहा था-आज भारत आतंकियों को घर में घुसकर मारता है

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक हफ्ते पहले चुनावी सभा के दौरान देश से आतंकवाद खत्म करने को लेकर केंद्र सरकार के कड़े फैसलों पर बात की थी। पीएम ने कहा था- आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है, आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। इसको लेकर अमेरिका की तरफ से रिएक्शन आया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सवालों का जवाब देते हुए कहा- अमेरिका इसके बीच में नहीं पड़ने वाला है, लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों से कहना चाहेंगे कि जितना हो सके टकराव से बचें और बातचीत के जरिए हल निकालें। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान लगातार भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगा रहा है। 14 अप्रैल को खबर आई थी भारतीय नागरिक सरबजीत को मारने के आरोपी लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या हो गई है। कुछ बाइक सवार लोगों ने उसे गोली मार दी। इसके बाद पाकिस्तान के इंटीरियर मिनिस्टर (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी ने अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ होने की आशंका जताई थी। नकवी ने कहा था कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था। इस हत्या में भी वैसा ही पैटर्न नजर आ रहा है। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में कई आतंकियों को अज्ञात हमलावरों द्वारा मारा जा रहा है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की हाल ही में आई एक रिपोर्ट में इन टारगेट किलिंग के लिए भारत को जिम्मेदार बताया गया था। अखबार ने दावा किया था कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की। रिपोर्ट में लिखा गया था, 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था। भारत पर हाल ही में कनाडा और अमेरिका में सिखों की हत्या के आरोप लगे। इसके बाद यह पहली बार है जब किसी भारतीय इंटेलिजेंस ऑपरेटिव ने पाकिस्तान में चलाए जा रहे भारतीय ऑपरेशन पर बात की। विदेश मंत्री एस जयशकंर ने कहा, टारगेट किलिंग करना भारत की विदेश नीति में नहीं है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरोप झूठे हैं और भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है। पाकिस्तान के अलावा कनाडा और अमेरिका ने भी भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने पिछले साल नाराजगी जाहिर की थी।



## पहले तो 180 का अनुमान था, अब 150 सीटों पर ही सिमटेगी बीजेपी

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बड़ा दावा, कहा-बीजेपी के खिलाफ अंडर करंट है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भाजपा पर खूब हमला बोला। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पहले तो मुझे लगता था कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में करीब 180 सीटें मिल जाएंगे, लेकिन अब लगता है कि ये लोग 150 पर ही सिमट जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन के पक्ष में खामोश लहर है। इस दौरान राहुल गांधी ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के फैसले का पालन करूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी पूछा गया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आप पर तंज कसा है कि एक नेता एक झटके में गरीबी खत्म करने का दावा कर रहे हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि गरीबी एक झटके में खत्म करने की बात किसी ने नहीं कही। लेकिन हमारे पास फॉर्मूला है, जिससे देश में गरीबी और असमानता खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के संसाधनों को 22 से 25 लोगों के बीच ही बांट दिया है।



## शंभू बॉर्डर पर किसानों ने किया रेलवे ट्रैक जाम

### बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस से धक्कामुक्की, 34 ट्रेन प्रभावित, 11 कैंसिल हुईं

**अंबाला (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। बॉर्डर पर नेशनल हाईवे बंद कर डटे किसान शंभू बॉर्डर के पास ही रेलवे ट्रैक पर बैठ गए हैं। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर, किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी, जिसके बाद रिहाई का भरोसा मिला था। जिसके बाद किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था। सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। किसानों के प्रदर्शन के चलते 34 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। 11 ट्रेनों को पूरी तरह से कैंसिल किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए हैं। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी उन्हें रिहा नहीं किया। हमारा किसान साथी जेल में मरणव्रत पर बैठा है।



## भारत में बीजेपी एक बार फिर करेगी सत्ता में वापसी

• अमेरिकी एक्सपर्ट की भविष्यवाणी, कहा-पीएम मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और बढ़ी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। उनका कहना है कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट से जुड़े सदानंद धूमे ने दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है। उन्होंने कहा, भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है...। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह चर्चा में हैं।



## कर दिया कमाल, 'इसरो' का एक बार फिर बजा डंका

### हल्का सी-सी नोजल बना रॉकेट इंजन तकनीक में हासिल की बड़ी कामयाबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। उसके मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट अच्छे काम कर रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### रिचार्ज के बाद भी बिजली नहीं आने पर कर्मियों को सुनायी खरी-खोटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रिचार्ज के बाद भी बिजली नहीं आने से नाराज दर्जनों उपभोक्ता मंगलवार को तिलक मैदान रोड स्थित बिजली कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने बिजली कार्यालय में मौजूद कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई। अधिकारियों ने उन्हें शांत कराया। सिकंदरपुर निवासी आलोक कुमार ने बताया कि रिचार्ज करने के बाद भी पूरी रात बिजली क्यों कटी। इसके कारण गर्मी में पूरा परिवार नहीं सोया है। बच्चों को अधिक परेशानी हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि रात में कौन सा मेंटेनेंस का काम चलता है। बिजली कर्मियों ने फेज उड़ने की बात बतायी। इसके बाद उपभोक्ताओं का आक्रोश कम हुआ। इसके बाद कई उपभोक्ता कार्यालय से बाहर निकले। बालूघाट निवासी राकेश प्रियदर्शी ने बताया कि अधिक पैसे से रिचार्ज करने पर डर लगता है। कब कौन सा कारण बताकर डिफरमेंट चार्ज में रुपया कट जाएगा यह पता नहीं चल रहा है। पूछने पर कोई कारण बता दिया जाता है। भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ती है। कम रिचार्ज रहने पर घर की बिजली बार-बार कट रही है। इससे गर्मी में परेशान हो रहे हैं।

### छात्रा ने बात नहीं की तो उसके पिता को कॉल कर दी धमकी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** छात्रा ने जब मोबाइल पर बात करने से इंकार कर दिया तो शोहदे ने छात्रा के पिता को कॉल कर मोबाइल पर धमकी दी। उन्हें पुत्री से बात कराने के लिए दबाव दिया गया। जब पिता ने मना कर दिया तो गाली गलौज करते हुए उन्हें देख लेने की धमकी दी गई। छात्रा व उसके परिवार वाले अनहोनी घटना से भयभीत हैं। छात्रा के पिता ने मंगलवार को काजी मोहम्मदपुर थाना पहुंचकर थानेदार मनोज कुमार साह को पूरी घटना बताई। फोन करने वाले आरोपी का नंबर देते हुए उसे अपने स्तर से हैंडल करने का आग्रह किया। हालांकि, छात्रा के पिता ने फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। उनका कहना है कि यदि शोहदा पुलिस की चेतावनी पर मान जाता है तो ठीक वरना विधिवत एफआईआर कराएंगे।

### घर-घर पहुंचाएंगे कांग्रेस पार्टी की गारंटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान में मंगलवार को जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल की अध्यक्षता में मुजफ्फरपुर व वैशाली संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमलोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की गारंटी को घर-घर तक पहुंचाएंगे। बैठक में मुकेश त्रिपाठी, महताब आलम सिद्दीकी, जमाल नासिर, लालबाबू राय, जूही प्रीयतम, महेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. शंभू राम, प्रेम कुमार पंडित आदि उपस्थित थे।

### नूपुर कला महोत्सव में दिखेगी भारत की कला-संस्कृति

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारत की कला एवं संस्कृति हमारा अभिन्न अंग है। इसको अमर बनाए रखने के लिए नूपुर कलाश्रम की ओर से नूपुर कला महोत्सव का आगाज किया गया है। 19 एवं 20 अप्रैल को वीणा कंसर्ट ऑडिटोरियम में यह महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। बिहार में पहली बार नई शास्त्रीय विधा सत्रिय नृत्य की मशहूर नृत्यांगना अपने ग्रुप के साथ असम से यहां पधार रही हैं। लोक विधाओं की श्रेणी में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र की लोक नृत्य शैलियों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मशहूर कत्थक नृत्यांगना डॉ. रंजना सरकार के निर्देशन में शास्त्रीय नृत्य कत्थक तथा बसंत रस की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया है।

### युवती की मौत पर पिता ने कराया मामला दर्ज

**भागलपुर/ बिहपुर, एजेंसी।** सोमवार की सुबह लगभग छह बजे तेज रफ्तार पिकअप ने बिहपुर प्रखंड के मड़वा महंत स्थान चौक के समीप झंडापुर थानान्तर्गत एनएच-31 पर चार लोगों को धक्का मार दिया था। घायल सभी लोग पूजा करने मड़वा बज्रलेश्वरनाथ धाम जा रहे थे। हादसे में भ्रमरपुर की 23 वर्षीय अनु कुमारी 55 वर्षीय मां अंजनी देवी समेत नन्हकार के 55 वर्षीय पूचो दास व कुशाहा के 21 वर्षीय जिप्सन कुमार को पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने अनु कुमारी, अंजनी देवी व जिप्सन कुमार को बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया।

# बिहार के 13 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार, प्रदेश में हीट वेव का यलो अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बढ़ते तापमान के साथ गर्मी से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। राजधानी पटना समेत बिहार के 13 जिलों का तापमान मंगलवार को 40 डिग्री के ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं, आज भी प्रदेश के सभी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। पिछले कुछ दिनों के मुताबिक अधिक गर्मी का एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ शुष्क हवा ने पटना समेत राज्यभर में जोर पकड़ लिया है। इस वजह से राज्य के अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान शेखपुरा जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग की ओर से 18 से 21 अप्रैल के बीच प्रदेश की विभिन्न जिलों में हिट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 13 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार

मंगलवार को शेखपुरा 42 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। इसके अलावा 12 ऐसे जिले रहे जहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पर दर्ज किया गया है। जिसमें जमुई का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री, बांका 40.7 डिग्री, मधुबनी 40.9 डिग्री, नवादा 40.9 डिग्री, गया 40.4 डिग्री, वाल्मीकि नगर 40.6 डिग्री, मोतिहारी 41.2 डिग्री, रोहतास 40.02 डिग्री, भोजपुर 40.9 डिग्री, पटना 40 डिग्री, औरंगाबाद 40.9 डिग्री, देहरी 40.4 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का तापमान भी 40 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। 18-19 अप्रैल को 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान में वृद्धि होने और पछुआ हवा चलने से लोगों को गर्म हवा का सामना करना पड़ेगा।

### 18 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ

मौसमविदों के अनुसार, 18 अप्रैल को एकबार फिर उत्तर-पूर्व भारत में पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। इसका थोड़ा बहुत असर बिहार के मौसम पर भी पड़ने की संभावना है। कितना प्रभाव होगा, यह पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता पर निर्भर करेगा। इसका असर 20-21 अप्रैल तक रहेगा।



## यूपीएससी में लहराया पटना का परचम ; 7 छात्रों ने मारी बाजी, समस्तीपुर के शिवम को 19वीं रैंक

**पटना, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से जारी 2023 के फाइनल रिजल्ट में पटना के आधा दर्जन से अधिक छात्रों को सफलता मिली है। यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। देर रात तक खबर लिखे जाने तक सात को सफलता मिल चुकी है। इनमें पटना की जुफिशां हक को 34वीं रैंक मिली है। वहीं विरुपाक्ष बिक्रम सिंह जिन्हें 49वीं रैंक मिली है। इनका पूरा परिवार पटना में रहता है। इसी तरह पटना की कृति कामना को 41वां प्रिया रानी को 69वां, अन्नपूर्णा सिंह को 99वां, सिद्धांत कुमार 114, दिप्ति मोनाली 184 स्थान मिला है। बिहार की प्रतिभाएं टॉप ट्वेंटी में जगह बनाने में सफल रहे हैं पर टॉप टेन में जगह बनाने से चूक गए हैं। हालांकि टॉप-50 में चार अभ्यर्थी जगह बनाने में सफल रहे। इसमें समस्तीपुर के शुभम कुमार को 19वां गोपालगंज के सौरभ शर्मा को 23वां, पटना की जुफिशां हक को 34 वां और औरंगाबाद के विरुपाक्ष को 49वां स्थान प्राप्त हुआ है। संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट भी मंगलवार को जारी किया गया था। पिछली बार बक्सर जिला निवासी गरिमा लोहिया को दूसरा रैंक मिला था। इसके अलावा पटना के राहुल श्रीवास्तव को दसवीं रैंक मिली थी। 17वें स्थान पर अररिया के अविनाश कुमार टॉप 20 में जगह बनाने में सफल रहे थे। इसके अलावा 44वीं रैंक प्राप्त करने वाले तुषार कुमार वर्तमान में मोहनियां में अवर निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त हैं। शिवहर के प्रिंस कुमार को 89वीं रैंक मिली थी। इनके अलावा दर्जनों छात्रों का चयन हुआ था। वहीं वर्ष 2020 में बिहार के शुभम देशभर में टॉपर बने थे। इसके बाद से अबतक कोई टॉपर नहीं बना है। करीब दो दशक के बाद कोई बिहार का टॉपर बना था। पिछले साल यूपीएससी रिजल्ट के टॉप 10 में बिहार से तीन अभ्यर्थी थे।



## स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन को लेकर आवेदन 20 से

**दरभंगा, एजेंसी।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष चार वर्षीय स्नातक कोर्स का संचालन शुरू किया था। यह संचालन नई शिक्षा नीति के तहत किया गया है। अब इस वर्ष के नामांकन की प्रक्रिया विश्वविधालय के तरफ से शुरू कर दी गई है। जानकारी हो कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कई कॉलेज दरभंगा के अलावा मधुबनी, समस्तीपुर और बेगूसराय में भी हैं। यह अधिसूचना इन सभी जिले में मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित अंगिभूत और संबंध कोलेजों के लिए भी है। 20 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी साथ ही 30 अप्रैल से विलम्ब शुल्क के साथ छात्रों को मौका दिया जायेगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक (सत्र 2024-28) प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रतिष्ठा विषयों में नामांकन के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के लिए अनुसार दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले के 43 अंगीभूत व 35 संबद्ध यानी कुल 78 कालेजों में कुल तीन लाख पांच हजार सीटों पर 37 विषयों में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन 20 अप्रैल से 29 मई तक स्वीकार किया जाएगा। 30 से 31 मई तक विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।

# पूर्णिया में दो पक्ष आपस में भिड़े, 3 घायल

### खेत में बछड़े के प्रवेश को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के मरंगा के नौजर वार्ड 14 में मक्के की खेत में मवेशी प्रवेश कर जाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष से मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में मवेशी स्वामी समेत 3 लोगों को चोटें आई हैं। वहीं, इस मारपीट से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दोनों पक्ष के लोग आपस में झगड़ते दिख रहे हैं। वहीं घायलों का इलाज पूर्णिया के जीएमसीएच में चल रहा है। मारपीट को लेकर पीड़ित मवेशी स्वामी के घरवालों की ओर से स्थानीय मरंगा थाना में आवेदन किया गया है।

वहीं, घायलों की पहचान मरंगा के नौजर गांव वार्ड 14 निवासी मो वासिम और उसके बेटे इस्माइल के रूप में की गई है। जबकि दूसरे पक्ष से भी एक अन्य को मामूली चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि घर के बछड़ा घर के बाहर खुट्टे से बंधा हुआ था। बाद में किसी तरह खुट्टा तोड़कर बच्चा पास के ही मकई के खेत में चला गया और मकई के कुछ पौधों को खा गया। इससे भड़के खेत के स्वामी ने उनके बछड़े को पकड़कर अपने कब्जे में रख लिया। इसी को लेकर उन्होंने विरोध किया और बछड़े को उनके कब्जे में छुड़ाकर ले जाने लगे। इससे तमतमाए मो इसारूल ने अपने दोस्तों और घर वालों को बुला लिया। लाठी डंडे और लात घूसों से उन्होंने मिलकर पीटना शुरू कर दिया।



जिसके बाद उनके घर के लोग भी बीच बचाव में आए। इसी के बाद विवाद और बढ़ गया। जिसमें दोनों तरफ से लाठी डंडे, लात - घुसे चलना शुरू हो गया। इस मारपीट में वे और उनके बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद ग्रामीणों के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत हुआ। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया लाया गया। जहां दोनों का इलाज जारी है। वहीं मारपीट की घटना को लेकर घायल के परिजनों की ओर से मरंगा थाना में लिखित आवेदन दी गई है। वहीं समूचे घटनाक्रम से जुड़ा मारपीट का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लाठी डंडे लिए दो पक्ष एक दूसरे पर हमले पर आमदा हैं।

### पत्नी की हत्या में दोषी पति को आजीवन कारावास

**भागलपर, एजेंसी।** पत्नी की हत्या में दोषी पाए गए पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एडीजे-14 विवेक कुमार की अदालत ने मंगलवार को कांड के अभियुक्त शंकर दास को सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर उसे पांच साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अभियुक्त को अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई गई और जुर्माना लगाया गया है, सभी सजा साथ चलेंगी। इस कांड में सरकार की तरफ से एपीपी मो अकबर अहमद खान ने बहस में भाग लिया। घटना को लेकर मृतका के बेटे मुकेश कुमार ने ही अपने पिता शंकर दास पर केस दर्ज कराया था। अमडंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकेश ने पुलिस को बताया था कि 31 अक्टूबर 2020 को उसके पिता शंकर दास और मां वेंजुला देवी एक साथ सन्हौला बाजार गए थे। शाम होने पर मुकेश ने पिता का कॉल किया तो उन्होंने बताया कि वे आ रहे हैं। उसके पिता अकेले ही घर लौटे तो उनसे मां के बारे में पूछा। पिता ने बताया कि उसकी मां मायके चली गई है। संदेह होने पर मुकेश ने पिता से सच बताने को कहा तो वे घर से भाग निकले।

### सीएसपी लूट मामले में प्राथमिकी दर्ज, पिस्टल के बल पर नकाबपोश अपराधियों ने वारदात को दिया था अंजाम

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख 85 हजार रुपए लूटे जाने के मामले में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसे लेकर संचालक अमित कुमार सिंह ने अज्ञात 3 अपराधियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। हालांकि 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। लेकिन पुलिस तकनीकी सूत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों तक पहुंचाने के प्रयास में लगी है। साथ ही डीआईयू को भी लगाया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार भगवा गांव निवासी अमित कुमार सिंह बगवां बाजार स्थित हरिशंकर सिंह के मार्केट में 2021 से यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। सोमवार की दोपहर दो ग्राहक सेवा केंद्र में एक कर्मचारी रौनक एवं गांव के ग्रामीण शिव शंकर पांडे मौजूद थे। इस दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधी ग्राहक सेवा केंद्र के अंदर प्रवेश कर गए थे। इसके बाद पिस्टल के बल पर कर्मचारी एवं ग्रामीण को कब्जे में ले लिया था।

इसके बाद केंद्र से ढाई लाख रुपए नगद लूट लिए थे और बैग में रखकर बड़ौरा नहर के रास्ते फरार हो गए थे। पूरी लूट की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तीन अपराधी काले रंग का नकाब पहनकर ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे । इसके बाद कर्मचारी से पैसा निकालने के बात कहकर कमर से पिस्तौल निकाल कर लॉकर में रखें दो लाख 85 हजार रुपए बैग में भरकर फरार हो गए । जाते-जाते कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दे डाली। गड़हनी थाना पुलिस अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है।

## मोबाइल तो कमल से भी चार्ज नहीं होता, अंधेरा में लालटेन ही प्रकाश देता है- तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के गया जिले में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान बिना नाम लिए राजद प्रमुख लालू यादव पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के युवा कभी भी राजद को वोट नहीं देंगे। सवालिया लहजे में पीएम मोदी ने पूछा कि क्या लालटेन (राजद का चुनाव चिन्ह) से स्मार्ट मोबाइल चार्ज हो सकता है? जब लोग स्मार्टफोन के बारे में बात कर रहे हैं, तो वे लालटेन के बारे में बात कर रहे हैं।

अब पीएम मोदी के इस बयान पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। तेजस्वी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि मोदी जी, मोबाइल तो कीचड़ सने कमल के फूल से भी चार्ज नहीं होता। मोदी जी अंधेरा जब भी रहता है प्रकाश तो लालटेन ही देता है, ना कि कमल का फूल? तेजस्वी की ओर से जारी पोस्ट में आगे लिखा गया है कि इतिहास गवाह रहा है कि देश में,





समाज में जब भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, सांप्रदायिकता और नफ़रत का घोर अंधेरा होता है तब-तब लालटेन की रोशनी में ही वो अंधेरा छँटा है ना कि कमल के फूल से। मोदी जी, इसी लालटेन ने युगों-युगों से बिहार में व्यापत सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक गैर बराबरी, अन्याय और अत्याचार के अंधेरे को दूर भगाया है। इसी लालटेन की रोशनी में सदियों से गरीब, उत्पीड़ित, उपेक्षित और वंचित लोगो ने अपनी जुबान खोलना और बोलना सीखा, अपने हक़-अधिकार माँगने लगे, बराबरी पर बैठने लगे, नौकरियों में आने लगे, विधायक-सांसद बनने लगे। यह सब बाबा साहेब के द्वारा दिए गए संविधान और लालटेन के उजियारे से ही संभव हो पाया है। ख़ैर! आप समझ ही नहीं पायेंगे क्योंकि वंचितों के दर्द ओ ग़म को जानने के लिए जो संवेदनशील नज़रिया चाहिए वो आपके अंदर नहीं है। हमें ढेर सारा अपशब्द बोलिये लेकिन बिहार को उसका हक़ दीजिए, युवाओं को नौकरी देने में मेरी और बिहार की मदद कीजिए।फिर आप जितना चाहें मुझे और मेरी पार्टी को गालियाँ दीजिए। बस मेरे बिहार को उसका अधिकार दीजिए। बता दें कि गया में अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद को भ्रष्टाचार और गुंडा राज का प्रतीक बताते हुए कहा कि उसने बिहार को सिर्फ दो चीजें दी हैं, जंगलराज और भ्रष्टाचार क्योंकि राजद शासनकाल में भ्रष्टाचार एक उद्योग की तरह फला-फूला। पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के पास कोई सोच नहीं है। ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं, तो नीतीश जी के कामों पर वोट मांगते हैं। यह लोग नीतीश जी के और केंद्र सरकार के कामों का श्रेय स्वयं लेते हैं।

# चाचा-भतीजे समेत पांच की पिटाई, लाठी डंडे से किया वार



### खेत मे भैंस घुस जाने के विरोध को लेकर हुआ बवाल

**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के शाहपुर थाना के शिवपुर गांव में मंगलवार को खेत में भैंस घुस जाने का विरोध करने पर दूसरे गांव से आकर दबंगों ने चाचा-भतीजे समेत पांच लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व चैत यादव के 50 वर्षीय पुत्र बिहारी यादव, बृज बिहारी यादव के 40 वर्ष से पुत्र संजय यादव, 35 वर्षीय पुत्र पंचानंद यादव, रास बिहारी यादव के 55 वर्षीय पुत्र हरेंद्र यादव और वसुंधरा यादव का 19 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार शामिल हैं। इधर,जख्मी मुन्ना कुमार ने बताया कि शिवपुर गांव के बाजार में उनका और बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांटे गांव के रहने वाले लोगों का जमीन एक साथ है। उनके जमीन पर गेहूं लगा हुआ था। तभी कांटे गांव के रहने वाले लोगों के करीब 10 से 12 भैसें उनके खेत में घुस गई और फसल को बर्बाद करना शुरू कर दिया। भैंस को फसल बर्बाद करता देख बिहारी यादव और संजय यादव ने भैंस को अपने खेत से मारकर भगा दिया। तभी भैंस मालिकों ने भैंस को भगाने का विरोध करने पर जमकर गाली गलौज की। लेकिन उसे समय ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कर दिया गया । जब हम लोग अपने घर चले हैं तभी उक्त भैंस मालिक अपने अन्य परिवार वालों के साथ शिवपुर गांव में घुसकर हम लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी और उसके बाद सभी गांव छोड़कर अपने गांव चले गए। जख्मियों को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए आर सदस्य पता लाया गया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। घटना बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लोकसभा चुनावों में आधी आबादी की भागीदारी बढ़ी, लेकिन 79फीसदी महिलाएं जमानत भी नहीं बचा पातीं

**पटना, एजेंसी।** बिहार में आधी आबादी को स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण मिला हुआ है। बड़ी संख्या में वे चुन कर पंचायतों से लेकर शहरी निकायों की प्रमुख बन रहीं हैं। लेकिन लोकसभा चुनावों में उनकी स्थिति बेहतर नहीं है। पिछले चार चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों में 79 फीसदी महिला उम्मीदवार जमानत भी नहीं बचा सकीं। 2004 से 2019 तक के चुनावों में बिहार में कुल 2367 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया। इनमें 163 महिलाएं थीं।



129 महिलाओं सहित कुल 2016 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। हालांकि आधी आबादी का प्रतिशत चुनाव दर चुनाव बढ़ता जा रहा है। एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक प्रो. डीएम दिवाकर कहते हैं कि बिहार की राजनीति में महिलाएं बड़े फलक पर अभी भी एक स्वतंत्र फैक्टर नहीं बन पाई हैं। इसलिए उनको वोटरों का व्यापक समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


### सड़क हादसे में परीक्षा देकर लौट रहे युवक की मौत

**हाजीपुर**। गया जिले में टीचर भर्ती की परीक्षा देकर घर लौट रहे अभ्यर्थी की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक अभ्यर्थी महनार थाना क्षेत्र के नया टोला गांव हसनपुर बोडर निवासी कर्पूरी ठाकुर का 24 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। जो तीन भाइयों में सबसे छोटा था। गया जिले में टीचर भर्ती परीक्षा देकर घर लौट रहा था। ऑटो सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया था। परिचय पत्र से पहचान करते हुए उसके घर वालों को सूचना दी गई। सदर अस्पताल हाजीपुर से डाक्टरों ने गम्भीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया था। लेकिन उसकी मौत रास्ते में ही हो गई थी। मौत के बाद परिजन शव वापस घटना स्थल बिदुपुर थाना क्षेत्र के माइल चौक स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास लेकर चलें आए। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।



### करियर काउंसलर की मौत मामले में FIR

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में करियर काउंसलर का शव रेल लाइन पर बरामद मामले ने परिजन ने हत्या की आशंका को लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। मुजफ्फरपुर समस्तीपुर रेल लाइन के पास गुमटी के समीप मोहमद सद्दाम हुसैन के शव बरामद मामले में पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी है मृतक के भाई ने बताया कि उसके भाई का हत्या कर शव को रेल लाइन पर रख दिया है।जिससे यह प्रतीत हो की उसकी मौत ट्रेन से कटकर हुई है। मीठापुरा थानेदार ने बताया कि मामले में मृतक के भाई ने थाने में लिखित आवेदन दिया है ।जिसके अनुसार अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई ।हमलोग आगे की करवाई में जुट है ।हम लोग सभी बिंदु पर जांच कर रहे है। गौरतलब हो कि मुजफ्फरपुर समस्तीपुर रेल लाइन के पास गुमटी के समीप शनिवार को मोहमद सद्दाम हुसैन का शव बरामद हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH भेज दिया। पोस्टमार्ट होने के बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया। जिसके बाद परिजन ने हत्या की आशंका जताया है। स्थानीय लोगों ने मिठनपुरा चौक सड़क को बांस बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जमकर हंगामा और आगजनी कर प्रदर्शन किया गया था।




### पटरी पर करियर काउंसलर का मिला था शव

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में करियर काउंसलर का शव रेल लाइन पर बरामद हुआ था। मामले में परिजन ने हत्या की आशंका को लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के पास गुमटी के समीप मोहमद सद्दाम हुसैन का शव मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने अज्ञात लोगों पर हत्या करने को लेकर मिठनपुरा थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसमें मृतक के भाई ने बताया कि उसके भाई की हत्या कर शव को रेल लाइन पर रख दिया है। जिससे यह प्रतीत हो कि उसकी मौत ट्रेन से कटकर हुई है। मीठापुरा थानेदार ने बताया कि मामले में मृतक के भाई ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसके अनुसार अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। हम लोग आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। हम लोग सभी बिंदु पर जांच कर रहे हैं। गौरतलब हो कि मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के पास गुमटी के समीप शनिवार को मोहमद सद्दाम हुसैन का शव बरामद हुआ था। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। स्थानीय लोगों ने मिठनपुरा चौक सड़क को बांस-बल्ला लगाकर जाम किया। इस दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जमकर हंगामा और आगजनी की। परिजन का कहना की सुबह में टहलने के लिए चौक गया था। जिसके बाद हमलोग को सूचना मिली रेल लाइन पर उसका शव मिला है। घटना स्थल पर पहुंचे।



### बिहार में रामनवमी की धूम, पटना के महावीर मंदिर में टला बड़ा हादसा



**पटना**। देशभर में रामनवमी बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। बिहार में भी रामनवमी की काफी धूम है। पटना के हनुमान मंदिर समेत कई जिलों के मंदिरों में सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भव्य तैयारी की गई है। यहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। 3 किलोमीटर तक दर्शन के लिए लोगों की लाइन लगी है। लाइन में लगे श्रद्धालुओं के लिए गुड़, चने और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। भक्तों का प्रसाद जल्द चढ़े, इसके लिए अयोध्या से 8 पुजारी बुलाए गए हैं। महावीर मंदिर में दोपहर आरती के वक्त एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां आरती के दौरान गर्भ गृह के बाहर लगी फूलों की सजावट में आग लग गई। हालांकि, समय रहते इस पर काबू पा लिया गया। इस दौरान मंदिर में दो सौ से ज्यादा लोग मौजूद थे। दूसरी ओर कई जिलों में रामनवमी पर शोभा यात्रा निकल रही है। इस दौरान राम भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सीवान में शोभा यात्रा के दौरान पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने राम भक्तों को पानी और शरबत पिलाया। किशनगंज में महिलाओं ने बुलेट पर भगवा पगड़ी पहनकर शोभा यात्रा निकाली। अररिया में शोभा यात्रा के दौरान राम भक्त तलवार भांजते नजर आए। छपरा, गया और मोतिहारी में भी रामनवमी पर शोभा यात्रा निकाली गई। पटना में 54 पूजा समितियों की ओर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा विभिन्न गली-मोहल्ले से होते हुए डाक बंगला चौराहे तक पहुंचेगी। इसके मद्देनजर डाक बंगला चौराहे पर सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए है। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, सीएम नीतीश कुमार, बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी समेत प्रदेश भाजपा के कई नेता शामिल होंगे।

# बिहार के चार सीटों पर आज थम जाएगा चुनाव प्रचार, शाम 5 बजे के बाद प्रचार करने एफआईआर

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के चार संसदीय सीट औरंगाबाद,गया,नवादा और जमूई सीट पर आज शाम पांच बजे तक चुनाव प्रचार थम जाएगा। प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशी अपनी ताकत झोकेंगे। आज शाम पांच बजे के बाद उम्मीदवार जनसंपर्क में जुट जाएंगे। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

**क्या है प्रावधानः** निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले चुनावी प्रचार रोकना होता है। लाउड स्पीकर,रैली,जनसभा,रोड शो आदि पर पाबंदी लग जाती है। किसी भी दल के उम्मीदवार यदि जन सभाएं,रैला,रोड शो आदि करते पाए जाएंगे तो उन पर आदर्श आचार संहिता उल्लंन का मुकदमा दर्ज किया जाएंगा। निर्वाचन पदाधिकारी एफआईआर दर्ज करेंगे।




**पहले चरण में कुल 38 उम्मीदवारः** बिहार के चार सीटों पर कुल 38 उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोक रहें है। इनकी प्रतिष्ठा दांव पर होगी। बिहार की दो सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों गया,जमुई जबकि दो सामान्य संसदीय क्षेत्र नवादा तथा औरंगाबाद में मतदान होंगे। सुरक्षित सीट गया से पूर्व सीएम जीतन राम मांझी एनडीए के कंडिडेट है तो उनके सामने इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ताल ठोक रहें है। औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह चुनावी दंगल में है तो उनके सामने राजद के अभय कुशवाहा हैं। नवादा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर राजक उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा टकरा रहें है। जमुई में लोजपा से अरुण भारती के सामने राजद की अर्चना कुमारी ताल ठोंक रहीं हैं।

**पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर सीएम तक की सभाएंः** पहले चरण के मतदान के पहले पाएम नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,यूपी सीएम आदित्यनाथ योगी,बिहार सीएम नीतीश कुमार,लोजपा नेता चिराग ने इन सीटों पर पूरी ताकत से चुनावी प्रचार किए हैं। इधर,इंडिया गठबंधन ने भी एनर्जी के साथ चुनावी मैदान में अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा है।

# रामनवमी पर 308 फिट का तिरंगा जुलूस निकला

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर में रामनवमी को लेकर 308 फिट का तिरंगा जुलूस यात्रा निकाली गई। इस जुलूस में शिव और राम की झांकी भी निकाली गई। धोबिया टोला के हनुमान मंदिर से इस जुलूस की शुरुआत की गई। जो टावर चौक होते हुए शहर के विभिन्न चौक-चौराहे से होकर गुजरेगी। इसके अलावा भी शहर में विभिन्न स्थानों से रामनवमी की जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुलूस में शामिल हो रहे हैं। जुलूस के दौरान राम भक्त राम धुन पर नाचते-गाते झूम रहे हैं। जुलूस में कई तरह की झांकी निकाली गई। रामनवमी को लेकर कई सालों से जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस में 101 महाबीरी झंडा लेकर भक्त शामिल होते हैं। जिसे लोग देखने के लिए घंटों



तक चौक-चौराहे पर इंतजार कर रहे हैं। विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरा और वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई। इस मामले में डीएम सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी राकेश कुमार द्वारा जारी ज्वाइंट ऑर्डर में कहा गया है कि जुलूस के दौरान सभी धार्मिक स्थलों के अलावा चौक-चौराहों पर भी मजिस्ट्रेट और पुलिस के जवान को तैनात किया जाएगा। इसको लेकर चौक-चौराहे पर बड़ी संख्य में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## युवक ने मां-बहन के साथ गंगा में लगाई छलांग, लापता

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक ही परिवार के तीनों लोगों ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। मौके से बाइक, तीन चप्पल बरामद की गई है। घटना पटना के आलमगंज घाट की है। 12 घंटे बाद भी तीनों का पता नहीं चल पाया है। परिवार खाजेकला थाना क्षेत्र के जग्गी का चौराहा मोहल्ले में रहता था। लापता लोगों में स्वर्गीय अनिल कुमार सिन्हा का 27 साल का बेटा गौरव कुमार, उसकी मां गीता देवी और छोटी बहन शिखा कुमारी शामिल है। घटना को लेकर आलमगंज थाना अध्यक्ष का कहना है कि परिवार ने बताया कि उनके मंगलवार की रात मोबाइल पर 9.30 बजे रात एक मैसेज आया कि गंगा नदी में खुदकुशी करने जा रहे हैं। परिजनों ने घटना की जानकारी 11. 30 बजे पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को महावीर घाट से एक मोटरसाइकिल, तीन जोड़ी चप्पल मिली है। जांच में यह बात सामने आई है कि जिस मोबाइल नंबर से घर वालों को मैसेज किया गया था,



उसकी लोकेशन बख्तियारपुर बता रही है। पुलिस इसे संदिग्ध मान कर चल ही है। घटना को लेकर एसडीआरएफ की टीम ने देर रात सर्च अभियान चलाया है, लेकिन कुछ भी बरामद नहीं होने के बाद टीम वापस लौट गई। हालांकि, अभी भी टीम खोजबीन में लगी हुई है। परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस के मुताबिक लापता तीनों लोगों के परिजनों ने पूछताछ में बताया कि कई लोगों से बहुत ज्यादा कर्ज ले रखा था। उस पर भी जांच जारी है, लेकिन शुरुआती जांच में लापता लोगों का मोबाइल लोकेशन बख्तियारपुर मिला है। मामला अभी भी संदिग्ध लग रहा है। जानकारी के मुताबिक लापता तीनों लोग आलम गंज थाना क्षेत्र स्थित गुड़ की मंडी इलाके के रहने वाले है।

# रामनवमी पर 3 दोस्तों को मारी गोली, हाजीपुर में 6 राउंड की फायरिंग

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के आर्य कॉलेज के पास चार दोस्तों के बीच कहासुनी हो गई। तभी एक ने तीन दोस्तों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। आनन-फानन में उनको इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का कहना है कि तीनों दोस्त रामनवमी पर बैंड बाजा लाने निकले थे। रास्ते में रुक कर फोन पर किसी से बात कर रहे थे। तभी पास में खड़े एक लड़के ने पहले हवा में फायरिंग की। फिर ताबड़तोड़ छह राउंड फायरिंग की। वहीं पुलिस का कहना है कि चार दोस्तों में कहासुनी हुई थी, उसके बाद उनके ही एक साथी ने तीनों पर गोली चलाई है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने बताया कि तीनों घायल और गोली मारने वाले सभी दोस्त ही थे। बैठकर



सभी आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान चारों के बीच गाली गलौज हो गई तभी एक दोस्त ने तीनों को गोली मारी है। गोली मारने वाले दोस्त को भी पकड़ लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बता दें कि तीनों घायल किशोर क्लास 10 में पढ़ते हैं। उधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। तीनों घायल की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बड़ी यीशुपुर निवासी अभिषेक कुमार, साहिल कुमार और छोटू कुमार के रूप में हुई है। घायल साहिल कुमार ने बताया

❒ बातचीत के दौरान चारों में हुई बहस... एक ने तीनों को किया शूट

कि रामनवमी के जुलूस में शामिल होना था। बाइक से तीनों बाजा लेने जा रहे थे। किसी का कॉल आया तो रुक कर फोन पर बात कर रहे थे। पास में एक शख्स खड़ा था जो हवा में गोली चलाने लगा। लगातार सब पर गोली चलाने लगा जिसमें 3 घायल हो गए। छह बार फायरिंग की गई। गोली चलाने वाला एक ही आदमी था। वह पैदल था और हम लोग बाइक से थे। पीड़ित ने बताया कि गोली चलाने वाले को पहचानते हैं। उसका नाम लव है। वह भी हम लोगों की तरह स्टूडेंट है। पहले से कोई विवाद नहीं था।

## मायके में रह रही महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**चाणक्य भूमि।**

मंगलवार की रात बलथर थाना क्षेत्र के मील पर्सा गांव के ग्रामीणों ने सूचना दि कि एक महिला मील पर्सा गांव के पास घोड़ासहन नहर पुल पर पड़ी हुई है। सूचना के बाद पहुंचीं पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकटा में भेजा जहां से उसे बेतिया रेफर कर दिया गया। लेकिन बेतिया ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया है। मृत्तिका की पहचान बलथर गांव निवासी दशई माझी की की बेटी रंजू देवी के रूप में हुई है। घटना की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी।



## भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त

**चाणक्य भूमि मोतिहारी।**

मोतिहारी पुलिस को शराब के मामले मे बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो ट्रक के केबिन में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही तीन तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रक की तलाशी लेने पर पता चला कि केबिन में तहखाना बना कर विदेशी शराब रखी थी। दोनों ट्रक के तहखाने से 204 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई। इस दौरान दोनों ट्रक के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया।



## मझौलिया में बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत,एक घायल

**चाण्क्य भूमि(कनकलता)**

**बेतिया**। बुधवार की रात सवा सात बजे के करीब जवकटिया गछुली टोला वार्ड 13 में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में दोनों बाइक चालको की मौत हो गई,जबकि एक बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया।घटना की सूचना पर मझौलिया पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा और घायल युवक को जीएमसीएच में ईलाज के लिये भेजा।इस घटना से जवकटिया गछुली टोला में मातमी सन्नाटा पसरा है।ज एसएचओ अखिलेश मिश्रा ने दी।उन्होंने बताया कि मृत युवको की पहचान जवकटिया छोटा मलाही टोला के चोकट यादव के पुत्र अर्जुन यादव(28)वर्ष और जवकटिया नईडीह निवासी छठु महतो के पुत्र धनंजय महतो (31) वर्ष के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि घायल युवक प्रभु महतो पिता बालदेव महतो को पुलिस ने बेतिया इलाज के लिये जीएमसीएच भेजा है।जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



### दरवाजे पर ट्रैक्टर लगाने पर मारपीट में 15 व्यक्ति पर प्रथिमिकी दर्ज

**चाणक्य भूमि, मैनाटांड़**। मैनाटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत रमपुरवा गाँव में बुधवार को दरवाजे पर ट्रैक्टर लगाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के विरुद्ध 15 व्यक्ति पर प्रथिमिकी दर्ज किया गया है । मैनाटांड़ थाना अध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया दोनों पक्षों के विरुद्ध दरवाजे पर ट्रैक्टर लगाने पर हुए मारपीट में कुल 15 व्यक्ति पर प्रथिमिकी दर्ज कर जिसमें प्रभावती देवी, धर्मश साह, चित रंजन कुमार , राजेश साह, प्रमोद साह, दिनेश साह, सचिन कुमार, को नामज़द किया गया है । अग्रसर कार्यवाही की जा रही है ।

### रामनवमी पर बेख़बरा काली मन्दिर पर लगा मेला

**चाण्क्य भूमि(कनकलता)**। बेतिया।रामनवमी के शुभ अवसर पर नौतनखुर्द पंचायत के बेख़बरा स्थित काली मंदिर परिसर में अकड़ाहा पुल के पास परंपरागत मेला लगा।।यह मेला मझौलिया प्रखण्ड में ऐतिहासिक मेला के नाम से जाना जाता है।बताते चले कि मझौलिया के प्रखण्ड वासियो को रामनवमी के अवसर पर लगनेवाले इस मेला का बेसब्री से इंतजार रहता है।बताते चले कि पूर्व मंत्री स्व.गौरी शंकर पांडेय के कार्यकाल से यहां मेला लगता है।यहां पांडेय परिवार की ओर से एक मंदिर का निर्माण किया गया है,जिसमें मां काली की प्रतिमा स्थापित की गयी है।मेले में भारी भीड़ उमड़ी।खूब बिकी जिलेबिया।

## दरभंगा और सहरसा से दिल्ली के लिए आज स्पेशल ट्रेन

**एजेंसी, हाजीपुर।**

रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पटना, दरभंगा और सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक-एक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 17 अप्रैल को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 17 अप्रैल को पटना से



20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 17 अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# संविधान बदल आरक्षण खत्म करना चाहती है बीजेपी, राजद ने मोहन भागवत का याद दिलाया बयान

**एजेंसी, पटना।**

सवर्णों को 10 फीसदी आरक्षण संविधान संशोधन के जरिए देने वाली नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरजेडी ने आरोप लगाया है कि ये संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म कर देना चाहते हैं। आरजेडी प्रवक्ता और राज्य सभा सदस्य मनोज झा ने आरजेडी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस किया और नरेन्द्र मोदी के भाषण को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि 2015 में आरएसएस के कद्दावर मोहन भागवत ने कहा था कि संविधान की समीक्षा और उसमें आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। आरजेडी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष लालू प्रसाद को यह एहसास हो गया था कि पिछड़ों, दलितों को हाशिए पर धकेलने की साजिश हो रही है।

**लालू प्रसाद की टिप्पणी के बाद नरेन्द्र मोदी बरसे थेः** बता दें दो दिन पहले लालू प्रसाद ने बीजेपी पर कहा था कि वे संविधान बदलना चाहते हैं। संविधान बदलने वालों की जनता आंख निकाल देगी। ये लोग देश में तानाशाही लाना चाहते हैं। लालू प्रसाद के इस आरोप का जवाब नरेन्द्र मोदी ने अपने चुनावी भाषण के क्रम में कहा था कि वे क्या बाबा साहब अंबेडकर भी चाहें तो संविधान नहीं बदल सकते। उन्होंने साथ ही लालू प्रसाद के जंगलराज की चर्चा भी की। इस आरोप-प्रत्यारोप के बाद मनोज झा ने बुधवार को आरजेडी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस किया। मनोझ झा ने कहा कि असली रामभक्त और राजनितिक राम भक्त को लोग पहचानें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने कहा है कि संविधान ही हमारी सबसे पवित्र किताब है। तेजस्वी इंडिया गठबंधन के नेताओ से बात कर रहे हैं काम के अधिकार की बात कर रहे हैं। आपके माध्यम से हम कह रहे हैं कि संविधान को बचाने के लिए चुनाव मे सहयोग करे। मनोज झा ने कहा कि पीएम की बातों में गंभीरता नहीं है। जिस राज्य मे नौकरी का मतलब तेजस्वी हो गया है उस राज्य में पीएम कुछ नहीं बोलते हैं। पीएम के मंच पर नीतीश कुमार के नहीं रहने पर सांसद ने कहा कि नीतीश कुमार स्वविवेक से काम लें उनका मंच पर नहीं रहना हमें दुख देता है। लालू यादव को पंजीकृत अपराधी कहने पर मनोज झा ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी के लिए राजनीति मे जगह नहीं है।

# एचपीसीएल सुगौली की टीम ने केविके माधोपुर का किया निरीक्षण

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। प्रखण्ड के किसान खेती से मुंह मोड़ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण खेती में लागत का लागत बढना है। लागत।की तुलना में उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा हैं।उन्होंने कहा कि अगर किसान वैज्ञानिक तौर तरीके से खेती का कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से खेती एक व्यवसाय का रूप ले सकता हैं ।कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि किसान मौसमी खेती का उत्पादन कर आमदनी बढ़ा सकते हैं। डॉक्टर सिंह ने बताया कि केंद्र में पाली हाउस के अंदर शिमला मिर्च एवं टमाटर की खेती किसानों के प्रशिक्षण के लिए लगाया गया है। जो किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं ।केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ धीरू तिवारी ने बताया कि इस तकनीक द्वारा कुछ प्रगतिशील किसान यहां से जानकारी लेने के उपरांत अपनी खेती का कार्य कर रहे हैं एवं उन्हें काफी फायदा हो रहा है एचपीसीएल सुगौली चीनी मिल के महाप्रवंधक विजय कुमार दीक्षित एवं मझौलिया प्रखंड के प्रगतिशील किसान व पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने शिमला मिर्च का उत्पादन पर जानकारी प्राप्त की ।किसानों ने केंद्र द्वारा किए जा रहे हैं कृषि कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सुगौली चीनी मिल के अन्य अधिकारियों के साथ दर्जनों किसान भाई उपस्थित रहे।माधोपुर केंद्र के सभी कर्मी उपस्थिति रहे।


निरीक्षण करते एचपीसीएल के जीएम विजय दीक्षित

• वैज्ञानिक खेती का गुर सीखा

# नाबालिग लड़की को रक्सौल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी नें बरामद किया



चाणक्य भूमि

एसएसबी को गुप्त सूचना मिली कि कुछ मानव तस्कर भारतीय क्षेत्र से नेपाल एक लड़की का क्रॉस बॉर्डर कराने वाले हैं। जिसके बाद मैत्री पुल पर टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान भारत से नेपाल की ओर तीन व्यक्तियों और एक नाबालिग लड़की को देख कर संदेह हुआ। जिसके बाद पूछताछ की गई तब इस बात का खुलासा हुआ कि यह लोग नाबालिग लड़की को बिहार के वैशाली जिला के क्षेत्र से बहला फुसलाकर कर पहले तमिलनाडु ले गये और फिर दिल्ली और इसके बाद नेपाल ले जा रहे थे।






# बाइक चालक बेकाबू होकर पेड़ से टकराया हुई मौत

चाणक्य भूमि

लौरिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग एक मोटरसाईकिल सवार द्वारा अनियंत्रित होने पर पेड़ से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई साथ ही उसपर सवार दूसरा व्यक्ती बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं, घायल युवक का प्राथमिक इलाज करने के बाद लौरिया रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए GMCH रेफर कर दिया है। मृतक की पहचान पकड़ी ढाला गांव निवासी नारायण महतो के बेटे लालबाबू महतो और घायल युवक की पहचान रामाशंकर महतो के बेटे सिकंदर महतो के रूप में हुई है। दोनों व्यक्ती बुधवार देर शाम बहन और भतीजी से भेंट कर अपने घर लौट रहे थे।



• लौरिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग एक मोटरसाईकिल सवार द्वारा अनियंत्रित होने पर पेड़ से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई साथ ही उसपर सवार दूसरा व्यक्ती बुरी तरह घायल हो गया

# प्रसिद्ध कौलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बेल का पौधा लगाया गया




बेख़बरा काली मंदिर में रामनवमी पर उमड़ी भीड़

चाणक्य भूमि

**वाल्मीकिनगर**। वाल्मीकिनगर के प्रसिद्ध कौलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रामनवमी के पावन अवसर पर 11 उत्तम प्रजाति के बेल का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी मनोज कुमार, प्रेम कुमार,-संजय यादव, कुंदन कुमार, अभिमन्यु कुमार द्वारा एक एक बेल का पौधा लगाया गया। उपस्थित गणमान्य लोगों के द्वारा रामनवमी के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर एक एक पेड़ लगाने व उसकी सुरक्षा की जहां शपथ भी लिया गया। वहीं देवाधिदेव महादेव के अतिप्रिय पेड़ बेल लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी मनोज कुमार ने बताया कि रामनवमी पर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर उत्तम प्रजाति के बेल का पौधा लगाया गया। बेल का पेड़ महादेव को अतिप्रिय है। धार्मिक पुराणों के अनुसार बेल के पेड़ पर माता पार्वती का वास होता है । जो भी भक्त महादेव के जलाभिषेक के बाद बेल के पेड़ के नीचे जल चढ़ाते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। बेल का पौधा धार्मिक व वैज्ञानिक दोनों ही दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है।वहीं लगाए गए बेल का पौधा तैयार हो जाने के बाद महादेव पर चढाने के लिए बेलपत्र के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इनसे धरती हरीभरी रहती है और वातावरण भी स्वच्छ बनता है। जितने ज्यादा पेड़-पौधे होंगे, उतनी ही शुद्ध और ज्यादा आक्सीजन मिलेगी।












# रामनवमी पर आस्था का केंद्र बना भंगहा माई स्थान


भंगहा माई स्थान पर उमड़ी भीड़

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। बुधवार को चैत्र नवरात्र के अवसर पर शक्तिपीठ भांगहा माई स्थान पर लगे मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता का दर्शन कर फल फूल और नारियल अर्पित कर पूजा अर्चना की गयी।सुरक्षा को लेकर मेला स्थल पर जाने वाली प्रत्येक सड़कों पर बैरियर लगाया गया था ताकि दो पहिया व चार पहिया वाहन को मेले परिसर से पहले ही रोक दिया जा सके। सभी सड़कों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी ताकि आवागमन में श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो। कुमारबाग प्रशासन मेले में चौकस दिखा। मेले में बिहार, उत्तर प्रदेश व नेपाल से श्रद्धालु जुटे। काफी संख्या में नेपाल से आने वाले श्रद्धालु भक्त भी मेले में पहुंच कर मेले का आनंद उठाया। भंगहा माई के मंदिर परिसर के भीतर व बाहर महिला व पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि श्रद्धालु भक्तों को माता के दर्शन में कठिनाई नहीं हो सके। इस प्रसिद्ध मंदिर का इतिहास महात्मा बुद्ध व महाभारत काल से भी जुड़ा हुआ है। मेले मे एसएसबी के महिला बटालियन व पुलिस बटालियन तथा चनपटिया थाना कुमारबाग थाना के पुलिस बाल को सुरक्षा में लगाए गये थे।आस्था का केंद्र बना भंगहा माई स्थान।

• पड़ोसी देश नेपाल से जुटे श्रद्धालू

## रामनवमी को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

इनरवा में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से श्री राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। बैठक में 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा निकली गई । उत्तर वाहिनी नदी से जल भरकर इनरवा बाजार शिव मंदिर में लाया गया । जिसमें 100 से अधिक झांकियां, 2000 से अधिक महिलाओं द्वारा कलश यात्रा, राम भक्तों द्वारा ध्वज यात्रा निकलने का एक मत से निर्णय लिया गया। खाना खिलाया गया । हनुमान आराधना किया गया । जिसमें इनरवा थाना पुलिस प्रशासन थाना अध्यक्ष बसंत कुमार एवं जन प्रतिनिधि मुखिया रामदेव भगत बज़रंग दल कार्यकर्ता अनिल चौरसिया सरपंच इनेश गिरी आदि शामिल रहे ।

# शातिर अपराधी जवाहीर यादव गिरफ्तार हथियार भी बरामद





चाणक्य भूमि

बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस जिस अपराधी को दर्जनों मामले में खोज रही थी उसे आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। इस अपराधी के ऊपर पंद्रह हजार के इनाम की घोषणा भी थी। पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया तब उसके पास एक डबल बैरल गन और चार जिंदा कारतूस भी मिला, इसके साथ मोबाइल और नगद रुपए भी मिले है।गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर बिहार के धनहा में चार मामले दर्ज है। जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के पडरौना में 9 मामले दर्ज है। वहीं उत्तर प्रदेश के खड्डा में एक, नेबुआ में तीन, सेवरही में दो, हाटा में दो, हनुमानगंज थाना में 4, शाहपुर में एक, जटहा में 1 और कसया में दो मामला दर्ज है। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के अनुसार 15 मार्च 2024 को धनहा थाना क्षेत्र के दहवा में भारत फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी से 2 लाख 86 हजार 509 रुपए की लूट की जाँच के क्रम में एसआईटी टीम और टेक्निकल सेल ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया।









# रामनवमी को लेकर शहर से गाँव तक मंदिरों में भक्तों की भीड़

चाणक्य भूमि बेतिया

रामनवमी को लेकर आज पूरे जिले के पूजास्थलो पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सभी जगह भक्तों की भारी भीड़ लगी थी और लोग भक्ति भाव से पूजा अर्चना में लगे दिखे। रामनवमी पर्व को लेकर जिले मे हर जगह भगवा ध्वज लहराता देखा गया। कालीबाग मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई ।मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार लिये थे रामनवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में कमेटियों एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। पटजीरवा स्थान मंदिर में सुबह से लाइन में लगकर 30 से 40 किलोमीटर दूर से आए हुए भक्तों ने मां का दर्शन किया। लोगों की ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त इस मंदिर में अपनी मनोकामना मांगते हैं उसकी इच्छा माता रानी जरूर पूर्ण करती है। मंदिर परिसर दिन भर जय श्री राम एवं जय ंता दी के नारों से गुंजता रहा।



• जय श्री राम के नारे से गूंजायमान रहे जिले के सभी मंदिर पटजीरवा स्थान में भी लगी रही भक्तों की भीड़

# वीटीआर क्षेत्र मे लगातार आग से वन संपदा को नुकसान

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

विविधता का खजाना कहे जाने वाले वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना का वन क्षेत्र मे आग की लगातार घटनाओं से वन संपदाओं का लगातार नुकसान हो रहा है। बढ़ती अगलगी की घटना के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस और अचूक उपाय नहीं अपनाया जा रहा है । वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए फायर वाचरों की तैनाती की गई है परंतु उसके बाद भी जंगलों की हिफाजत चुनौती साबित हो रही है। पर्यटन नगरी के ऐतिहासिक वन क्षेत्र घोठवा टोला के समीप वन क्षेत्र संख्या टी 33 जंगल मंगलवार की देर शाम आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते विकराल आग की लपटों ने दो एकड़ वन क्षेत्र का क्षेत्रफल चपेट में ले लिया। आग के बेकाबू होने से बड़ी संख्या में छोटे वन्य जीव एवं वनस्पति के क्षति होने की आशंका है। हालाँकि फायर वाचरो की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका । लेकिन, तब तक दो एकड़ में लगे वन संपदा खाक कर चुकी थी। क्षेत्र के रेंजर के अनुसार दोबारा वन क्षेत्र में आग न भड़के, पैनी नजर रखी जा रही है। राहगीरों के साथ ही घूमने निकले लोगों पर भी कड़ी निगाह रखी जा रही है। जानकारों की मानें तो वीटीआर के वनों में कई तरह की जैव विविधता मिलती है। लेकिन, ईंधन, चारे, लकड़ी की बढ़ती हुई मांग, वनों के संरक्षण के अपर्याप्त उपाय और वन भूमि के गैर-वन भूमि में परिवर्तित होने से वे खत्म होते जा रहे हैं।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714